सीधा संवाद

अधिकारियों की नियमित निगरानी, शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होगी, किसानों के चेहरे खिल उठे

# मंडी को प्रदेश की आदर्श मंडी बनाने का आह्वान



**नवभारत,दमोह.** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज आकस्मिक रूप से कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी परिसर में किसानों से सीधे संवाद कर उनकी बाते व समस्याएं सुनी. इसके पश्चात मंडी कार्यालय के सभा कक्ष में किसानों,व्यापारियों तथा हम्माल संघ के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई.बैठक में मंडी की मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा किसानों को दी जाने वाली मूलभूत सेवाओं में सुधार के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.इस अवसर पर एसडीएम सौरभ गंधर्व,व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र बजाज,गुड्डु पटेल,तहसीलदार रॉबिन जैन,चौकी प्रभारी विक्रम दांगी,रामेश्वर चौधरी,कृषि विभाग से जेएल प्रजापति,कृषि उपज मंडी घनश्याम मुंडा,के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी, किसान जन मौजूद रहे.उन्होने मंडी में अब तक किसानो से वसूले जा रहे 22 रुपये प्रति बैग शुल्क को घटाकर 9 रुपये 50 पैसे प्रति बेग करने का निर्णय हुआ. कलेक्टर श्री यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों से इसके अतिरिक्त कोई अन्य राशि नहीं ली जाएगी. इसके अलावा शौचालय में प्रति व्यक्ति 10 रूपये वसूले जाने की जानकारी भी सामने आई, जबकि यह सुविधा शासन द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई गई है. उन्होने इसे गंभीर अनियमितता बताते हुए भविष्य में शासन के नियमों के अनुसार ही सभी तरह के शुल्क लेने के निर्देश दिए.

### किसानों को 5 रुपये में मिलेगा भोजन, विश्राम गृह रहेगा व्यवस्थित

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि किसानों को शासन की योजना के तहत 5 रू. में भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा यदि किसान रुकना चाहें तो उनके लिए बेहतर आवास और विश्राम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने किसानों के विश्राम गृह और शौचालयों को साफ-सुथरा व व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए। श्री यादव ने शौचालय जाकर अवलोकन कर सुव्यवस्थित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सीसीटीवी कैमरे से होगी सतत निगरानी

मंडी में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया है .कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई चोरी करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी .सभी कैमरे चालू हो, सुनिश्चित करने के निर्देश दिए .

### व्यापारी, हम्माल, किसान प्रतिनिधियों की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

मंडी में आयोजित बैठक में व्यापारियों, हम्माल संघ के पदाधिकारी, किसान प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी कार्य शासन के निर्धारित नियमों के अनुरूप होंगे .किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी .

कलेक्टर यादव ने बताया कि सभी शेड में रहे सुरक्षा कर्मीतैनात रहे और व्यवस्थाएं सम्भाले, इसमें किसी भी तरह की शिकायत बर्दास्त नही की जायेगी. एनाउंसमेंट सिस्टम सुदृण रहे भ्रमण के दौरान एनाउसमेंट सिस्टम अच्छा नही पाये जाने पर सख्त हिदायत दी गई कि यह सिस्टम अच्छा क्वालिटी का हो तय किया जायें. थाना प्रभारी को हिदायत पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहे कलेक्टर नें चौकी प्रभारी विक्रम दांगी को मण्डी में बुलाया गया.उन्होने कहा यहां पर किसानो का अनाज चोरी होने की बात आई है, पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाये. किसानो को अब प्रति क्विंटल लगभग 25 रूपये की बचत और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी. आकस्मिक विजिट से जहां किसानो को करीब 25 रूपये प्रति क्विटल तुलाई आदि कार्य में बचत होगी.इस निर्णय से किसानो में खुशी का माहौल छा गया.



# सिंहस्थ 2028 के लिए दमोह पुलिस का प्रशिक्षण शुरू

भीड़ नियंत्रण, साइबर मॉनीटरिंग और सीपीआर जैसे विषयों पर दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवभारत,दमोह.** उज्जैन सिंहस्थ 2028 के सफल आयोजन हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में दमोह पुलिस का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है. पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के मार्गदर्शन में 01 मई 2026 से पुलिस कंट्रोल रूम दमोह में जिला पुलिस बल का प्रशिक्षण शुरू हुआ. प्रशिक्षण का प्रथम बैच 1जून 2026 से 6 जून 2026 तक चलेगा.प्रशिक्षण में भीड़ नियंत्रण, यातायात नियंत्रण, साइबर मॉनीटरिंग, सॉफ्ट स्किल, तनाव प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और मेडिकल इमरजेंसी में सीपीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जा रही है.यह 06 दिवसीय प्रशिक्षण उज्जैन में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके जिले के अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा है. शुभारंभ के पूर्व मां सरस्वती जी के चित्र पर फूल माला पहनकर दीप प्रज्वलित किया. साथ ही पथरिया टीआई उज्जैन से ट्रेनिंग करके आई नेहा गोस्वामी ने पुष्प गुच्छ भेंट किया। इसके बाद प्रशिक्षण दिया ।

# लीनेस मैत्री क्लब के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में बिताए आत्मीय पल

स्टील की बोतलें, सत्तू के पैकेट आइस क्रीम व मालपुआ व फल खिलाकर बुजुर्गों के साथ साझा की खुशियां




**नवभारत,दमोह.** सेवा सम्मान और संवेदनशीलता के भाव को साकार करते हुये लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा स्थानीय वृद्धाश्रम में एक विशेष सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत बुजुर्गों को स्टील की पानी की बोतलें व सत्तू के पैकेटों आइसक्रीम फल एवं मिठाई का वितरण किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सामग्री वितरण तक सीमित नहीं था, बल्कि बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत कर उन्हें अपनत्व, सम्मान और आत्मीयता का अनुभव कराना भी था।क्लब की सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ बैठकर बातचीत की,उनके जीवन के अनुभव सुने तथा उनके साथ भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया।इस दौरान बुजुर्गों के चेहरों पर प्रसन्नता और संतोष की झलक स्पष्ट दिखाई दी।प्रोजेक्ट डायरेक्टर स्मृति खरे ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और आशीर्वाद जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोजी बग्गा ने कहा कि सेवा केवल वस्तु का वितरण नहीं बल्कि किसी के जीवन में अपनत्व और मुस्कान का संचार करना है।क्लब अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को सबसे अधिक आवश्यकता प्रेम, सम्मान और अपनेपन की होती है।

# राज्यमंत्री लखन पटेल ने किसानों के साथ सुना प्रधानमंत्री का संबोधन



**नवभारत,दमोह.** प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र दमोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 134वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किसानों के साथ किया.इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, कृषि वैज्ञानिक अधिकारी डॉ मनोजअहिरवार, सरपंच नरोत्तमपटेल, वरिष्ठ कृषि अधिकारी आरके जैन,उपसंचालक पशुपालन विभाग बी.के.असाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी,माताएं-बहनें तथा बड़ी संख्या में किसान बंधु और कृषि वैज्ञानिक और कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे.राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि मन की बात का यह एपिसोड विशेष रूप से किसानों को समर्पित था.कार्यक्रम में ऐसे किसान भाई-बहन शामिल हुए, जो आधुनिक तकनीकों,नवाचारों और उन्नत कृषि पद्धतियों के माध्यम से खेती को नई दिशा दे रहे हैं.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कृषि क्षेत्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला तथा किसानों को नवाचार अपनाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के दौरान जैविक खेती को बढ़ावा देने, खेती की लागत कम करने तथा कृषि को अधिक लाभकारी और पर्यावरण-अनुकूल बनाने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

## जटाशंकर स्थित कार्यालय में सुनीं जनसमस्याएं



प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)लखन पटेल ने दमोह के जटाशंकर स्थित कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, प्रभावी व समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

## इमलिया घोना में ओले से हुई क्षति का जायजा लिया



नवभारत,पथरिया/दमोह .प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम इमलिया घोना पहुंचे. उन्होंने यहां पर वर्षा के साथ खेतों में ओले गिरने से बोई गई मूंग फसल क्षति का खेतों में पहुंचकर जायजा लिया,उन्होंने किसानों से कहा चिंता ना करें सरकार इस विपरीत घड़ी में आपके साथ हैं .राज्यमंत्री श्री पटेल ने राजस्व विभाग की टीम से कहा कि फसल का सर्वे करें .




# तंबाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा रैली निकाली गई

**नवभारत,दमोह।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारत के प्रत्येक जिले में तहसील में और कई जगह ग्रामीण स्तर पर भी गायत्री परिवार द्वारा 31 मई तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष कई तरह के नशा मुक्ति के जन जागृति रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए . इसी उपलक्ष्य में गायत्री परिवार दमोह गायत्री शक्तिपीठ युवा प्रकोष्ठ द्वारा व्यसन मुक्ति रैली का आयोजन किया गया .जिसमें निरंतर एक महीने चलने वाले रेल्वे स्टेशन पर जल वितरण के मध्य सभी परिजनों ने स्टेशनों पर और ट्रेनों पर लोगों को पंपलेट बताते हुए और रैली निकालते हुए लोगों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गायत्री परिजन उपस्थित रहेपंकज हर्ष श्रीवास्तव, भूप सिंह ठाकुर, पुनीत मिश्रा, नीरज हर्ष श्रीवास्तव,भूपेंद्र तिवारी,मृदुल हर्ष श्रीवास्तव, प्रखर गर्ग,सिद्धार्थ पटेल,महेंद्र ठाकुर,लखन तंतुवाय,लखन शुक्ला, आशी गुप्ता, अनुज गुप्ता,मनोज गुप्ता,राघवेंद्र नेमा,बृजेश पटेल, बृजेश परिहार, खिलाड़ी रैकवार, अतुल श्रीवास्तव,सुभाष दुबे,सुरेश नामदेव, तहसीलदार गुर्जर भरत लोधी,राजकुमार नामदेव,लता गर्ग,भूरी रैकवार, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, राजेंद्र नाथ श्रीवास्तव,देव ऋषि विश्वकर्मा, जयवर्धन हर्ष श्रीवास्तव,प्रणव मिश्रा, अक्षांश गुप्ता,भूपेंद्र जैन, आदि गायत्री परिजन उपस्थित रहे।



## नर्मदा खो-खो लीग का हुआ समापन,दमोह के खिलाड़ियों ने किया प्रतिनिधित्व

**नवभारत,दमोह.** जबलपुर में 28 से 30 मई तक आयोजित नर्मदा खो-खो लीग का समापन हो गया। प्रतियोगिता में दमोह जिले के विवेक, विकास, दयाराम, वैभव,वर्षा,अनुश्री,खुशी और मीना ने हिस्सा लेकर जिले का प्रतिनिधित्व किया।दमोह खो-खो संघ की सचिव दीपाली अग्रवाल खिलाड़ियों के दल के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुईं। प्रतियोगिता के सफल समापन पर खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई.

# वार्ड नंबर 5 में गहराया जल संकट तीन दिन में एक बार मिल रहा पानी

गर्मी में बढ़ी परेशानी रहवासियों ने की नियमित आपूर्ति की मांग



**नवभारत,दमोह।** शहर के वार्ड नंबर 5 में पेयजल संकट गहराता जा रहा है. स्थानीय निवासियों ने बताया कि क्षेत्र में तीन दिन में एक बार पानी की सप्लाई हो रही है.कुछ घरों में तो पानी पहुंच ही नहीं रहा.रहवासियों का कहना है कि रोजमर्रा के कामों के लिए भारी परेशानी हो रही है. नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से टैक्स और जलकर वसूला जाता है, लेकिन गर्मी के मौसम में पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं हो रही.लोगों का आरोप है कि सर्दियों में अपेक्षाकृत बेहतर पानी मिलता है, जबकि गर्मी में जल संकट बढ़ जाता है. क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान कर नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर पानी नहीं मिलने से जल कनेक्शन का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है।

# सूचीबद्ध गुंडा और निगरानी बदमाशों की कराई परेड

फिंगर प्रिंट और फोटोग्राफ अपडेट किए शांति व्यवस्था बनाए रखने की दी हिदायत

कोतवाली पुलिस अधिकारियों ने सभी को शांतिपूर्ण तरीके से रहने और शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी



**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) के निर्देश पर दमोह शहर व जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस ने सूचीबद्ध निगरानी और गुंडा बदमाशों की परेड कराई.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया और नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे की उपस्थिति में दिनांक 1 मई 2026 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार ने थाना क्षेत्र के सभी सूचीबद्ध बदमाशों को थाने पर तलब किया.सीएसपी एच पांडे ने बताया कि परेड के दौरान सभी गुंडा और निगरानी बदमाशों के फिंगर प्रिंट व फोटोग्राफअपडेट किए गए और डोजियर फार्म तैयार किए गए.पुलिस अधिकारियों ने सभी को शांतिपूर्ण तरीके से रहने और शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी.साथ ही हिदायत दी गई कि कोई अप्रिय घटना करने पर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में

### सैनिक विनोद खन्ना का विदाई समारोह



**नवभारत,दमोह** .सोमवार को सैनिक विनोद खन्ना की संपूर्ण ड्यूटी पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया .इस दौरान पूरे वातावरण में जय हिंद जय संविधान के गगनभेदी नारे गूंज उठे .समारोह में वक्ताओं ने सैनिक विनोद खन्ना की निष्ठा, अनुशासन और देशसेवा की भावना की सराहना की .उन्होंने कहा कि विनोद खन्ना ने अपने सेवाकाल में पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से राष्ट्र की रक्षा की .विदाई समारोह में परिजन,साथी जवान और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे .सभी ने विनोद खन्ना के सुखद भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की .भावुक पलों के बीच सैनिक विनोद खन्ना को सम्मान के साथ विदाई दी गई .

### प्रधान अध्यापक श्रीपाल झारिया को दी बिदाई



**कुम्हारी नवभारत 1 जून।** माध्यमिक शाला कुम्हारी के उच्च श्रेणी शिक्षक प्रधान अध्यापक श्रीपाल झारिया के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि साहिल सिंह जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि मुकेश गुजरे विकासखंड शिक्षा अधिकारी पटेरा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य हरिशंकर लोधी ने की। इस दौरान विद्यालय परिवार के शिक्षक अरविंद लखेरा, बद्री यादव, कमलेश सेन, कुंवर साहिल सिंह, रामसागर तिवारी, सचिन जैन, बाल कृष्णा अहिरवार, जिनेन्द्र जैन, पवन प्यासी ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके कार्यकाल पर प्रकाश डाला। शिक्षक श्रीपाल झारिया शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर विदाई दी गई।

### विष्णुतत्व ही परम पथ : भगवान वेदांताचार्य



**नवभारत,दमोह।** शिक्षा की राजधानी काशी में आयोजित अति विष्णु मनोकामना महायज्ञ व श्रीविष्णु महापुराण कथा में श्री भगवान वेदांताचार्य ने कहा कि यज्ञीय ज्योति में समाहित विष्णुतत्त्व का विन्यास ही परम पथ है .उन्होंने बताया कि सनातन धर्म की अनादि परंपराओं का स्रोत विष्णु महापुराण है। वैदिक संस्कृति, यज्ञीय चेतना और आध्यात्मिक साधना का प्राण-केंद्र यज्ञ ही रहा है। काशी की यह पुण्यभूमि आज भी ऋषियों द्वारा प्रतिपादित यज्ञ-संस्कारों की गौरवशाली धारा को अक्षुण्ण रूप से प्रवाहित कर रही है .इसी दिव्य परंपरा के अंतर्गत अति विष्णु मनोकामना महायज्ञ एवं श्रीविष्णु महापुराण कथा का भव्य आयोजन संपन्न हो रहा है।

# बुलेट के मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न पर यातायात पुलिस की सख्ती

## एसपी आनंद कलादगी के निर्देशन में चला विशेष चेकिंग अभियान



**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (भा.पु.से.) के निर्देशन में दमोह यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग व प्रवर्तन अभियान चलाया. अभियान के तहत मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन कर बुलेट में लगाए गए मोडिफाइड अवैध साइलेंसर और तेज प्रेशर हॉर्न के खिलाफसख्त कार्रवाई की जा रही है.यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने और लोगों को परेशान करने वाले वाहनों पर लगातार चालानी कार्रवाई जारी रहेगी.आम जनता से भी नियमों का पालन करने की अपील की गई है.ज्वाइन करते समय नवभारत ने पुलिस अधीक्षक से पूछा था कि क्या इंदौर की तरह दमोह में भी बुलेट के तेज आवाज वाले साइलेंसर निकलवाए जाएंगे। इस पर एसपी ने कहा था कि निश्चय तौर पर यह कार्रवाई की जाएगी। उसी क्रम में रविवार से दमोह में कार्रवाई शुरू हो गई है। पुलिस ने अभियान चलाकर करीब 7 बुलेट से तेज आवाज वाले साइलेंसर निकलवाकर कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि शहर में शोर प्रदूषण रोकने और आम लोगों को परेशानी से बचाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# कोतवाली पुलिस ने 17 साल के गुम नाबालिग को किया दस्तयाब

चंद दिन में खोजकर परिजनों को सौंपा, एसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई



**नवभारत,दमोह.** कोतवाली पुलिस ने 17 साल के गुम नाबालिग बालक को दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया.नाबालिग के परिजनों ने कोतवाली पुलिस का धन्यवाद किया.पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा अधिक से अधिक नाबालिग बालक बालिकाओं की दस्तयाबी के निर्देश दिए गए थे. इसी क्रम में 26 मई 26 को थाना कोतवाली में 17 साल के नाबालिग बालक के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी.एसपी दमोह के निर्देशन, एडिशनल एसपी व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली स्टाफ ने तत्परता दिखाई। पुलिस टीम ने चंद दिन में ही नाबालिग बालक को दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया.निरीक्षक मनीष कुमार, एएसआई चौकी प्रभारी राकेश पाठक, आरक्षक विक्रम राठौर।



## घायलों को अपनी गाड़ी से पहुंचाया सिविल अस्पताल

**नवभारत,दमोह।** ग्राम कंदारी, बंडा विधानसभा निवासी जितेंद्र सिंह लोधी अपनी धर्मपत्नी व दो छोटे बच्चों के साथ रिश्तेदारी में गढ़ाकोटा जा रहे थे.ग्राम चनोआ के पास ट्रक और एंबुलेंस की अचानक हुई क्रॉसिंग के कारण उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में जितेंद्र सिंह, उनकी पत्नी और बच्चे घायल हो गए।इसी दौरान सागर से दमोह जा रहे सिद्धार्थ मलैया ने मानवता का परिचय दिया। उन्होंने अपनी गाड़ी रोककर घायल महिला और बच्चे को तत्काल अपने वाहन से गढ़ाकोटा सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां जितेंद्र सिंह लोधी, उनकी धर्मपत्नी और पुत्र को प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया।समय पर मदद मिलने से घायलों को तुरंत उपचार मिल सका। स्थानीय लोगों ने सिद्धार्थ मलैया की तत्परता और मानवीय संवेदना की सराहना की है। ईश्वर से सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की जा रही है।

हादसा

नगर में शोक की लहर, पानी मोटर बंद करते समय अचानक करंट लगा

# करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत

**नवभारत,जबेरा/दमोह.थाना क्षेत्र के पुराना बाजार में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई. घटना से पूरे नगर में शोक का माहौल व्याप्त है.प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना बाजार निवासी राहुल जैन अपने घर में पानी भर रहा था.इसी दौरान मोटर बंद करते समय अचानक उसे करंट लग गया.**

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया.सूचना मिलने पर जबेरा पुलिस अस्पताल पहुंची और पंचनामा कार्रवाई पूर्ण करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया.पुलिस मामले की जांच कर रही है.राहुल जैन के असमय निधन से न केवल जैन समाज बल्कि पूरे जबेरा नगर में शोक की लहर है.राहुल जैन व्यवहार कुशल, मिलनसार व सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने वाला युवा था. गोवंश संरक्षण के कार्यों में भी वे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ लगातार सहयोग करता था.उसके निधन पर नगर के सामाजिक, धार्मिक व विभिन्न संगठनों के लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है.



## 27 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

**नवभारत,दमोह।** दमोह देहात थाना क्षेत्र के धनगौर चौकी सागर नाका निवासी 27 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की जानकारी सोमवार सुबह मिलते ही सागर नाका चौकी से प्रधान आरक्षक अजय पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की।मृतक की पहचान प्रताप पिता मुन्नालाल सिंह लोधी उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा पोस्ट मार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो पाएगा।